**06 January 2023: PIB Summary for UPSC**

## 06 जनवरी 2023 : PIB विश्लेषण

विषय सूची:

1. 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2023
2. डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2022

1. 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2023

सामान्य अध्ययन 2:

अन्तर्राष्ट्रीय संबंध:

विषय: प्रवासी भारतीय।

प्रारंभिक परीक्षा: 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन।

**संदर्भ:**

- 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन मध्य प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी में 08-10 जनवरी 2023 तक इंदौर में आयोजित किया जा रहा है।

**विवरण:**

- प्रवासी भारतीय दिवस (PBD) सम्मेलन भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है। यह विदेशों में रहने वाले भारतीयों के साथ जुड़ने और सम्पर्क स्थापित करने तथा प्रवासी भारतीयों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।
- **इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय "प्रवासी: अमृत काल में भारत की प्रगति में विश्वसनीय भागीदार" है।**
- लगभग 70 विभिन्न देशों के 3,500 से अधिक प्रवासी सदस्यों ने प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के लिए पंजीकरण कराया है।
- 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे चार साल के अंतराल के बाद और कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद पहली बार वास्तविक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। महामारी के दौरान 2021 में अंतिम प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन वर्चुअली आयोजित किया गया था।

- इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट 'सुरक्षित जाएं, प्रशिक्षित जाएं' जारी किया जाएगा जो सुरक्षित, कानूनी, व्यवस्थित और कुशल प्रवासन के महत्व को रेखांकित करेगा।
- भारत की स्वतंत्रता में हमारे प्रवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को उजागर करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री "आजादी का अमृत महोत्सव" - "भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी भारतीयों का योगदान" विषय पर पहली बार डिजिटल प्रवासी भारतीय दिवस प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे।

**<u>प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के तीन खंड होंगे।</u>**

- 08 जनवरी 2023 को, पहले खंड 'युवा प्रवासी भारतीय दिवस' का उद्घाटन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के साथ साझेदारी में होगा। युवा प्रवासी भारतीय दिवस पर ऑस्ट्रेलिया की सांसद महामहिम सुश्री ज़नेटा मैस्करेनहास सम्मानीय अतिथि होंगी।
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 09 जनवरी 2023 को दूसरे खंड 'प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे और गुयाना सहकारी गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली मुख्य अतिथि और सूरीनाम गणराज्य के माननीय राष्ट्रपति महामहिम श्री चंद्रिकाप्रसाद संतोखी विशेष सम्मानित अतिथि के रूप में सम्मेलन को संबोधित करेंगे।
- 10 जनवरी 2023 को, माननीय राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मु प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी और समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी।
    - **प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार** चुनिंदा भारतीय प्रवासी सदस्यों को उनकी उपलब्धियों को पहचानने और विभिन्न क्षेत्रों में, भारत और विदेश दोनों में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

**<u>प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पांच विषयगत पूर्ण सत्र होंगे-</u>**

- पहला पूर्ण सत्र युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री की अध्यक्षता में '**नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों में प्रवासी युवाओं की भूमिका**' पर होगा।
- दूसरा पूर्ण सत्र '**अमृत काल में भारतीय हेल्थकेयर इको-सिस्टम को बढ़ावा देने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका: विजन @ 2047**' पर होगा जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में और विदेश राज्य मंत्री की सह-अध्यक्षता में होगा।
- तीसरा पूर्ण सत्र विदेश राज्य मंत्री की अध्यक्षता में '**भारत की नरम शक्ति का लाभ उठाना - शिल्प, व्यंजन और रचनात्मकता के माध्यम से सद्भावना**' पर होगा।

- चौथा पूर्ण सत्र शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री की अध्यक्षता में **'भारतीय कार्यबल की वैश्विक गतिशीलता को सक्षम करना - भारतीय डायस्पोरा की भूमिका'** पर होगा।
- पांचवा पूर्ण सत्र वित्त मंत्री की अध्यक्षता में **'राष्ट्र निर्माण के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण की दिशा में प्रवासी उद्यमियों की क्षमता का दोहन'** पर होगा।

**प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण तथ्य:**

1. **डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2022:**
    - **राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विजेताओं को डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2022 (पुरस्कारों का 7वां संस्करण) प्रदान किया।**
    - **भारत सरकार ने भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की परिकल्पना की है।**
    - **डिजिटल इंडिया पुरस्कार (DIA) सरकारी संस्थाओं द्वारा सभी स्तरों पर नवाचार डिजिटल पहलों को प्रोत्साहित और सम्मानित करते हैं।**
    - **डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2022 का उद्देश्य न केवल सरकारी संस्थाओं को बल्कि स्टार्ट-अप और जमीनी स्तर पर डिजिटल पहलों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना है ताकि डिजिटल इंडिया विजन को पूरा किया जा सके।**
    - **डिजिटल इंडिया पुरस्कार भारतीय राष्ट्रीय पोर्टल (https://india.gov.in) के तत्वावधान में स्थापित किए गए हैं, जो भारत सरकार की संस्थाओं द्वारा सभी स्तरों पर प्रदान की जा रही जानकारी और सेवाओं तक एकल-खिड़की पहुंच प्रदान करते हैं।**
    - **राष्ट्रीय पोर्टल को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है और रखरखाव किया जा रहा है।**
    - **पुरस्कारों के 7वें संस्करण की घोषणा निम्नलिखित सात श्रेणियों के तहत की गई:**
        - **नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण**
        - **जमीनी स्तर पर डिजिटल पहल**
        - **ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए डिजिटल पहल**
        - **सामाजिक आर्थिक विकास के लिए डेटा साझा करना और उसका उपयोग**
        - **सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म- केंद्रीय मंत्रालय, विभाग और राज्य**
        - **स्टार्टअप्स के सहयोग से डिजिटल पहल**

- **भारत सरकार की वेबसाइटों के लिए दिशानिर्देश (GIGW) और पहुंच दिशानिर्देशों का अनुपालन करने वाली सर्वश्रेष्ठ वेब और मोबाइल पहल**